# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शाहजहाँपुर

## विज्ञप्ति/सूचना

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद शाहजहाँपुर में संचालित स्थायी लोक अदालत में पेशकार के पद पर नियुक्ति की जानी है। स्थायी लोक अदालत में पेशकार के पद पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु दीवानी न्यायालय/कलैक्ट्रेट के सेवानिवृत्त तृतीय श्रेणी के कर्मचारी जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो, पेशकार के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन कर सकते हैं। स्थायी लोक अदालत में पेशकार के पद पर 9000/-रु0 (नौ हजार रु0) प्रतिमाह नियत पारिश्रमिक देय होगा तथा कार्य-भार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष या 65 वर्ष जो भी पहले हो, के लिए नियुक्ति की जाएगी।

इच्छुक व्यक्ति अपना प्रार्थना पत्र/आवेदन पत्र दिनाँक 17-07-2025 तक किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाहजहाँपुर के कार्यालय में स्वयं अथवा पंजीकृत डाक से प्रेषित कर सकते हैं। आवेदन पत्र की प्रति जनपद न्यायालय शाहजहाँपुर की वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। इच्छुक व्यक्ति को निर्धारित आवेदन पत्र पर आवेदन करना होगा।

प्राप्त आवेदन पत्रों पर सम्यक विचारोपरान्त साक्षात्कार की तिथि व स्थान की सूचना आवेदकों को यथा समय दी जाएगी। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए आवेदकों को कोई भत्ता देय नहीं होगा।

उक्त विज्ञप्ति के सम्बन्ध में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा स्थायी लोक अदालत शाहजहाँपुर के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

दिनाँक 20-06-2025

Sd/-
जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
शाहजहाँपुर।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1-विशेष कार्याधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को माननीय उच्च न्यायालय की आफिशियल वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2-प्रभारी अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय शाहजहाँपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय की आफिशियल वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करें।
3-जिला सूचना अधिकारी शाहजहाँपुर को इस आशय से प्रेषित कि इस विज्ञप्ति को स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाएं।
4-जनपद न्यायालय शाहजहाँपुर, के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
5-कलैक्ट्रेट शाहजहाँपुर, के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
6-सिविल जज जू0डि0, तिलहर, पुवायाँ व जलालाबाद के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

दिनाँक 20-06-2025

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
शाहजहाँपुर।

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
शाहजहाँपुर